# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001
## Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar
Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001
TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक /624/680/अका./ऑनलाईन प्रवेश/सत्र 2022–23 जगदलपुर, दिनांक 08/07/2022

## //अधिसूचना//

विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक/600/680/अका./ऑनलाईन प्रवेश/सत्र 2022–23 जगदलपुर, दिनांक 30/06/2022 द्वारा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम चरण में विश्वविद्यालय के पोर्टल (वेब लिंक www.bvvjdpexam.in) पर ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.07.2022 समय अपरान्ह 23.59 बजे तक निर्धारित किया गया है।

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रमांक/3001/760/आउशि/सम./2022 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 13.06.2022 में दिये गये निर्देश अनुसार छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत की कंडिका 2.2 में उल्लेखित विशेष टीप को विलोपित किये जाने के फलस्वरूप स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेश हेतु प्रथम चयन सूची सी.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के 07 दिवस के उपरांत ही जारी किया जावेगा।

चूंकि शैक्षणिक सत्र 2021–22 में सी.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किये गये हैं। अतः कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के उक्त पत्र में दिये गये निर्देश के परिपालन में उपरोक्तानुसार स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु **प्रथम चरण** में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय में निम्नानुसार वृद्धि/संशोधन किया जाता है :–

| क्र. | विवरण | पूर्व निर्धारित तिथि एवं समय | पुनः संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम चरण **(Phase-I)** में विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं प्रवेश आवेदन करने तथा ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क भुगतान करने की प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि | दिनांक **16-06-2022** समय पूर्वान्ह **10.00** बजे से | दिनांक **16-06-2022** समय पूर्वान्ह **10.00** बजे से |
| 2 | प्रथम चरण **(Phase-I)** में विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने तथा ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क भुगतान करने की प्रथम चरण की प्रक्रिया समाप्त होने की तिथि | दिनांक **10-07-2022** समय अपरान्ह **23.59** बजे तक | दिनांक **15-07-2022** समय अपरान्ह **23.59** बजे तक |
| 3 | प्रथम चरण **(Phase-I)** में किये गये ऑनलाईन पंजीयन एवं प्रवेश आवेदन उपरांत प्रवेश आवेदन में ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने की तिथि | दिनांक **16-06-2022** समय पूर्वान्ह **10.00** बजे से दिनांक **10-07-2022** समय अपरान्ह **23.59** बजे तक | दिनांक **16-06-2022** समय पूर्वान्ह **10.00** बजे से दिनांक **15-07-2022** समय अपरान्ह **23.59** बजे तक |

प्रथम चरण (Phase-I) में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन कर सफलतापूर्वक आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची महाविद्यालयों द्वारा पोर्टल में लॉगिन कर M.S. Excel Format में डाउनलोड करने की तिथि, प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन कर सफलतापूर्वक आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची का परीक्षण कर महाविद्यालय में संबंधित पाठ्यक्रम/विषय समूह के लिए महाविद्यालय द्वारा निर्धारित सीट संख्या अनुसार मेरिट/चयन सूची जारी करने एवं महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने/वेबसाईट पर अपलोड करने तथा मेरिट/चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदकों की सूची पोर्टल में प्रदर्शित करने हेतु Add to Merit करने एवं पंजीकृत मोबाईल नंबर पर पोर्टल के माध्यम से मेरिट की सूचना SMS के माध्यम से प्रेषित करने की तिथि एवं प्रवेश हेतु संबंधित पाठ्यक्रम/विषय समूह के लिए महाविद्यालय द्वारा निर्धारित सीट संख्या अनुसार जारी की गई मेरिट/चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदकों के शैक्षणिक अभिलेखों की जॉच महाविद्यालय स्तर पर गठित प्रवेश समिति से कराने उपरांत प्रवेश देने तथा प्रवेशित छात्रों की User ID को पोर्टल में लॉक करने की तिथि के संबंध में पृथक से अधिसूचना जारी किया जावेगा।

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक /625/680/अका./ऑनलाईन प्रवेश/सत्र 2022–23 जगदलपुर, दिनांक 08/07/2022

प्रतिलिपि :–

01. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
02. माननीय मुख्यमंत्री के सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
03. माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग के निज सचिव/विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
04. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
05. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,ब्लॉक–सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
06. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
07. कलेक्टर, जिला–बस्तर/कोण्डागॉव/कांकेर/नारायणपुर/दन्तेवाड़ा/बीजापुर/सुकमा की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
08. प्राचार्य, संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. समस्त विभाग प्रमुख/विभागाध्यक्ष, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. सम्पादक, स्थानीय/लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मिडिया ........................................ ................................ की ओर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्रहित में इस अधिसूचना को समाचार/विज्ञप्ति के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करेंगे।

सहायक कुलसचिव (अकादमिक)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)